# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 17/10/2024 |
| Exam Time | 9:00 AM - 11:00 AM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** किसी विद्यार्थी का समग्र ग्रेड तीन विषयों - क्रमशः 40%, 30% और 30% भारांक (weights) वाले गणित, अंग्रेजी और विज्ञान में उसके अंकों से निर्धारित होता है। यदि विद्यार्थी इन विषयों में क्रमशः 80, 90, और 75 अंक प्राप्त करता है, तो विद्यार्थी का समग्र ग्रेड ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 82 B). 81 C). 82.5 D). 81.5 **Correct Answer: D**

**Q.2** तीन उम्मीदवारों ने एक चुनाव लड़ा और क्रमशः 1234, 8448 और 20180 मत प्राप्त किए। विजयी उम्मीदवार को कुल मतों का कितना प्रतिशत प्राप्त हुआ? (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)

**Ans** A). 67.58% B). 55.26% C). 48.25% D). 58.25% **Correct Answer: A**

**Q.3** 20 लड़कों का औसत वजन 60 kg है। 30 लड़कियों को मिलाकर सभी लड़के और लड़कियों का औसत वजन 54 kg है। 30 लड़कियों का औसत वजन kg में कितना है?

**Ans** A). 54 B). 52 C). 50 D). 55 **Correct Answer: C**

**Q.4** यदि 5 cm, 3 cm और 4 cm त्रिज्याओं वाले तीन गोलों को पिघलाकर एक नया गोला बनाया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस नए गोले की त्रिज्या के बराबर होगा?

**Ans** A). 5cm B). 6cm C). 6.5cm D). 8cm **Correct Answer: B**

**Q.5** एक व्यक्ति की 9 घंटे की औसत ड्राइविंग चाल 88 km/h है। अपनी यात्रा के पहले पांच घंटों के दौरान, उसने 74 km/h की चाल से ड्राइव किया, और अंतिम दो घंटों के दौरान उसने 82 km/h की चाल से ड्राइव किया। छठे और सातवें घंटे के दौरान उसकी औसत चाल (km/h में) कितनी थी?

**Ans** A). 120 B). 101 C). 92 D). 129 **Correct Answer: D**


**Q.6** ₹20 में एक वस्तु को बेचकर, एक विक्रेता 10% का लाभ अर्जित करता है। उसे अपना विक्रय मूल्य (₹ में, दो दशमलव स्थान तक सन्निकटित) कितना बढ़ाना चाहिए, ताकि 45% का लाभ अर्जित कर सके?

**Ans** A). 9.36 B). 7.36 C). 6.36 D). 8.36 **Correct Answer: C**

**Q.7** 16 cm त्रिज्या और 12 cm ऊंचाई वाले एक शंकु को, आधार के समानांतर, शीर्ष के निकट किसी ऊंचाई पर काटा जाता है। यदि ठोसों की ऊंचाई का अनुपात 1 : 3 है, तो निर्मित दोनों ठोसों के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात लगभग _________ होगा।

**Ans** A). 9 : 143 B). 2 : 15 C). 1 : 8 D). 7 : 180 **Correct Answer: A**

Q.8 दिए गए बार ग्राफ का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।
दिए गए बार ग्राफ में चार केंद्रों (A, B, C और D) के विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी, हिंदी और सामान्य ज्ञान में प्राप्त औसत प्रतिशत अंकों को दर्शाया गया है।




संदर्भ: English - अंग्रेजी, Hindi - हिंदी, General Knowledge - सामान्य ज्ञान

यदि अंग्रेजी में कुल अंक 150, हिंदी में कुल अंक 50 और सामान्य ज्ञान में कुल अंक 200 हैं, तो केंद्र A और D के कुल अंकों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans A). 29.5 B). 25 C). 28.25 D). 27.5 **Correct Answer: D**

Q.9 एक बल्लेबाज ने पिछली 5 पारियों में निम्नलिखित रन बनाए। यदि उसके औसत रन 43 है, तो चौथी पारी में उसके द्वारा बनाए गए रन ज्ञात करें।
पारियां रन
पहली - 92
दूसरी - 53
तीसरी - 35
चौथी - X
पाँचवीं - 27

Ans A). 12 B). 4 C). 10 D). 8 **Correct Answer: D**

Q.10 एक निश्चित धनराशि 5 वर्षों में ₹10,800 हो जाएगी। यदि साधारण ब्याज, मूलधन का दो-तिहाई है, तो वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

Ans A). $13\frac{1}{3}\%$ B). $12\frac{1}{2}\%$ C). $12\frac{2}{3}\%$ D). $13\frac{2}{3}\%$ **Correct Answer: A**

Q.11 40 kg, 49 kg, 56 kg, 72 kg और 37 kg वजन के पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 49.8 B). 52.8 C). 50.8 D). 51.8 **Correct Answer: C**

Q.12 एक पुलिसकर्मी ने 800 m की दूरी पर खड़े चोर को देखा। पुलिसकर्मी ने चोर का पीछा करना शुरू किया तो चोर भागने लगा। यदि पुलिसकर्मी की चाल और चोर की चाल का अनुपात 3:2 है, तो पुलिसकर्मी द्वारा चोर को पकड़ने के लिए तय की गई दूरी ज्ञात करें।

Ans A). 3.2 km B). 1.6 km C). 2 km D). 2.4 km **Correct Answer: D**

Q.13 एक दुकानदार दो स्कीम, पहली 30% की एकल छूट, और दूसरी 25% और 5% की दो क्रमिक छूट देता है। यदि ग्राहक ने दोनों स्कीमों में से प्रत्येक में ₹5,000 की खरीदारी की, तो दोनों स्कीमों की छूट में अंतर (₹ में) कितना है?

Ans A). 67.50 B). 70 C). 65 D). 62.50 **Correct Answer: D**

Q.14 एक लंब वृत्तीय शंकु की लंबवत ऊँचाई और तिर्यक ऊँचाई का अनुपात 4 : 5 दिया गया है और शंकु का आयतन 12,936 $cm^3$ दिया गया है। दिए गए शंकु के आधार की त्रिज्या (cm में) ज्ञात करें। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें।)

Ans A). 24 B). 35 C). 21 D). 28 **Correct Answer: C**

**Q.15** 2 वर्षों के लिए 8% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2500 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 340 B). 360 C). 400 D). 440

**Correct Answer: C**

**Q.16** 5 वर्षों के लिए 6% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹2000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 560 B). 540 C). 640 D). 600

**Correct Answer: D**

**Q.17** शुद्ध घी का मूल्य ₹100 प्रति किलोग्राम है। इसमें ₹50 प्रति किलोग्राम मूल्य वाले वनस्पति तेल की मिलावट करने के बाद, एक दुकानदार इस मिश्रण को ₹96 प्रति किलोग्राम की दर से बेचता है, जिससे वह 20% का लाभ अर्जित करता है। वह दोनों को किस अनुपात में मिलाता है?

**Ans** A). 3 : 1 B). 1 : 2 C). 4 : 1 D). 3 : 2

**Correct Answer: D**

**Q.18** एक आयताकार हॉल के फर्श की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 98 ft और 70 ft है। यदि हॉल में सभी व्यक्तियों को वर्कस्टेशन के रूप में बराबर वर्गाकार स्थान आवंटित किए जाते हैं, तो ऐसे सबसे बड़े वर्कस्टेशन का क्षेत्रफल क्या होगा जो किसी भी उपयोगकर्ता को आवंटित किया जा सकता है, यह मानते हुए कि हॉल में कोई भी जगह खाली नहीं छोड़ी जाती है?

**Ans** A). 196 sq. ft B). 144 sq. ft C). 256 sq. ft D). 100 sq. ft

**Correct Answer: A**

**Q.19** दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दी गई तालिका तीन अलग-अलग शहरों में जनसंख्या से संबंधित आँकड़े और जनसंख्या के बीच साक्षरता/निरक्षरता दर दर्शाती है।

| शहर | पुरुषों और महिलाओं की संख्या के बीच क्रमशः अनुपात | कुल जनसंख्या में से साक्षरों (पुरुषों और महिलाओं) का प्रतिशत | कुल जनसंख्या में से निरक्षरों (पुरुषों और महिलाओं) की संख्या |
|---|---|---|---|
| X | 7 : 9 | 78 | 2560 |
| Y | 3 : 7 | 83 | 2780 |
| Z | 5 : 2 | 92 | 3540 |

गाँव Y में निरक्षरों की संख्या, गाँव Z में निरक्षरों की संख्या से कितने प्रतिशत कम है? (दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित)

**Ans** A). 18.27% B). 20.36% C). 23.25% D). 21.47%

**Correct Answer: D**

**Q.20** कॉफ़ी और चाय की कीमतों का अनुपात 5 : 7 है और एक परिवार द्वारा खपत की गई इनकी मात्राओं का अनुपात 7 : 9 है। कॉफ़ी और चाय पर होने वाले व्यय का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 5 : 9 B). 9 : 5 C). 7 : 9 D). 7 : 5

**Correct Answer: A**

## Section : Reasoning Ability and Problem Solving

**Q.1** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'TURF' को '5691' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'RAFT' को '6935' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 5 B). 3 C). 9 D). 6

**Correct Answer: B**

**Q.2** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E के दाएँ से गिनती करने पर E और F के बीच में केवल दो लोग बैठे हैं। F और C के बीच में केवल दो लोग बैठे हैं। E और B के बीच में केवल तीन लोग बैठे हैं। D, A के ठीक बाएँ बैठा है। A के बाएँ से गिनती करने पर A और G के बीच में कितने लोग बैठे हैं?

**Ans** A). 1 B). 4 C). 3 D). 2

**Correct Answer: C**

**Q.3** एक निश्चित कूट भाषा में 'legs hands ears' को 'du ph bq' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, 'hands eyes hearts' को 'ak fd du' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, 'ears hearts arms' को 'fd bq dy' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'eyes' के लिए कूट क्या है? (नोट: सभी कूट केवल दो-अक्षरों में कूटबद्ध हैं।)

**Ans** A). fd B). ak C). du D). ph

**Correct Answer: B**


**Q.4** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं। (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**(8, 64, 2)**
**(12, 12, 1)**


**Ans** A). (4, 256, 4) B). (6, 214, 6) C). (8, 722, 9) D). (10, 3426, 7)


**Correct Answer: A**


**Q.5** विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.6** किसी निश्चित भाषा में, 'INCH' को '9631' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, और 'THIN' को '3269' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। 'THIN' में 'T' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). 9 B). 6 C). 2 D). 3

**Correct Answer: C**

**Q.7** अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर ODGM एक निश्चित तरीके से NBFK से संबंधित है। उसी प्रकार, TAYP, SYXN से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RJFB निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). QHEZ B). PFCC C). RHDC D). PGDD

**Correct Answer: A**

**Q.8** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी तोते, चील हैं।
कुछ तोते, शुतुरमुर्ग हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ चील, तोते हैं।
(II) कुछ चील, शुतुरमुर्ग हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष I और निष्कर्ष II दोनों अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है D). न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**Correct Answer: A**

**Q.9** एक निश्चित कूट भाषा में, 'SPIKE' को '82467' लिखा जाता है और 'LIKES' को '47298' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'P' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). 4 B). 2 C). 8 D). 6

**Correct Answer: D**


**Q.10** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?


**BDG, HJM, NPS, TVY, ?**

**Ans** A). XZC B). ACF C). ZBE D). YAD

**Correct Answer: C**

**Q.11** यदि दर्पण को नीचे दिखाए गए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: C**

---

**Q.12** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
5 + 3 – 10 × 2 ÷ 2 = ?

**Ans** A). 15 B). 13 C). 17 D). 12

**Correct Answer: D**

---

**Q.13** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। C, A के ठीक बाएँ और E के ठीक दाएँ बैठा है। E, B के ठीक दाएँ बैठा है। D, B के ठीक बाएँ और F के ठीक दाएँ बैठा है। A, G के ठीक बाएँ बैठा है। G के ठीक दाएँ कौन बैठा है?

**Ans** A). E B). A C). F D). D

**Correct Answer: C**

---

**Q.14** 12 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 81 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 24, 153 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 19 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 125 B). 123 C). 129 D). 131

**Correct Answer: B**

---


**Q.15** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर NUQM एक निश्चित प्रकार से PWSO से संबंधित है। उसी प्रकार, JQMI, LSOK से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए QXTP निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). ZSRV B). SZVR C). ZSVR D). SZRV


**Correct Answer: B**

---


**Q.16** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी और श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.17** नीचे दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, चाहे वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्धारित कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष, कथन (कथनों) का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ चींटियाँ, मक्खियाँ हैं।
सभी मक्खियाँ, मधुमक्खियाँ हैं।

निष्कर्ष:
(I): कोई चींटी, मधुमक्खी नहीं है।
(II): कुछ चींटियाँ, मधुमक्खियाँ हैं।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: B**

**Q.18** दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

115 117 123 125 131 ?

**Ans** A). 132 B). 133 C). 134 D). 135

**Correct Answer: B**

**Q.19** दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?


$(24 \div 6) + (18 \times 4) - 54 + 42 = 99$

(नोट: अदला-बदली पूरी संख्या की होनी चाहिए न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों की)


**Ans** A). 4 और 6 B). 18 और 24 C). 24 और 54 D). 54 और 42

**Correct Answer: C**

**Q.20** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जो पैटर्न को पूरा करने के लिए नीचे दी गई आकृति में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।




**Ans**




**Correct Answer: D**

## Section : General Awareness

**Q.1** अक्टूबर 2023 में, रघुबर दास (Raghubar Das) को भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया है?

**Ans** A). पश्चिम बंगाल B). छत्तीसगढ़ C). महाराष्ट्र D). ओडिशा

**Correct Answer: D**

**Q.2** सर्वप्रथम किसने प्रतिपादित किया कि कोशिकाएँ पहले से विद्यमान कोशिकाओं से उत्पन्न होती हैं?

**Ans** A). जेनिफ़र डौडना (Jennifer Doudna) B). विलियम हार्वे (William Harvey) C). रडोल्फ बिर्चो (Rudolf Virchow) D). कार्ल लिनिअस (Carl Linnaeus)

**Correct Answer: C**

**Q.3** दर्द निवारक दवाओं (Analgesic medicines) का उपयोग ________________ के लिए किया जाता है।

**Ans** A). विटामिन और पोषक तत्वों की कमी को ठीक करने B). सूक्ष्मजीवों और संक्रमणों को मारना या दुर्बलीकृत करने C). शारीरिक कार्यों को सहायता प्रदान करने D). दर्द कम करने और बुखार में राहत पहुँचाने

**Correct Answer: D**

**Q.4** जैमिनीय (Jaiminiya) और कौषीतकी (Kausitaki) नृत्यों का उल्लेख निम्नलिखित में से किसमें मिलता है?

**Ans** A). आगमों (Agamas) B). ब्राह्मणों (Brahmanas) C). पुराणों (Puranas) D). वेदों (Vedas)

**Correct Answer: B**

Q.5 ओलंपिक-आकार (Olympic-size) के स्विमिंग पूल की मानक लंबाई कितनी होती है?

Ans A). 50 मीटर B). 70 मीटर C). 40 मीटर D). 60 मीटर

Correct Answer: A

Q.6 स्तंभों का मिलान कीजिए।

सूची - I (दक्षिण भारतीय राजा) सूची - II (राजवंश)
1. मारवर्मन सुंदर पांड्य (Maravarman Sundara Pandyan) (A) होयसाल
2. कृष्णदेवराय (Krishnadevaraya) (B) चालुक्य
3. नरसिम्हा द्वितीय (Narasimha II) (C) पाण्ड्य
4. तैलप तृतीय (Tailapa III) (D) तुलुव

Ans A). 1-(C); 2 -(A); 3 -(D); 4 -(B) B). 1-(C); 2 -(D); 3 -(A); 4 -(B) C). 1-(D); 2 -(C); 3 -(B); 4 -(A) D). 1-(A); 2 -(B); 3 -(C); 4 -(D)

Correct Answer: B

Q.7 आबनूस (Ebony), महोगनी (Mahogany), सिंकोना (Cinchona) आदि पेड़ भारत में किस प्रकार के वनों में पाए जाते हैं?

Ans A). उष्णकटिबंधीय सदाबहार वनों B). उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वनों C). मैंग्रोव वनों D). कंटक वनों

Correct Answer: A

Q.8 निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थानांतरी कृषि (shifting agriculture) को स्थानीय रूप से पेंडा (Penda) कहा जाता है?

Ans A). पश्चिम बंगाल B). मध्य प्रदेश C). ओडिशा D). आंध्र प्रदेश

Correct Answer: D

Q.9 निम्नलिखित में से किसने प्रसिद्ध उपन्यास (मूल रूप से बांग्ला में) 'देवदास' और 'परिणीता' लिखे हैं?

Ans A). रविंद्रनाथ टैगोर B). नबीन चंद्र सेन C). शरत चंद्र चट्टोपाध्याय D). बंकिम चंद्र चटर्जी

Correct Answer: C

Q.10 1983 क्रिकेट विश्व कप आयोजन के दौरान निम्नलिखित में से कौन भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान था?

Ans A). सचिन तेंदुलकर B). मोहिंदर अमरनाथ C). संदीप पाटिल D). कपिल देव

Correct Answer: D

Q.11 भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद संसद की सदस्यता के लिए योग्यता निर्धारित करता है?

Ans A). अनुच्छेद 84 B). अनुच्छेद 85 C). अनुच्छेद 105 D). अनुच्छेद 80

Correct Answer: A

Q.12 निम्नलिखित सूचियों पर विचार कीजिए:

| | सूची I (कांग्रेस अधिवेशन) | | सूची II (अध्यक्ष) |
|---|---|---|---|
| 1 | बॉम्बे, 1885 | (a) | रहीमतुल्लाह एम. सयानी |
| 2 | कलकत्ता, 1896 | (b) | रास बिहारी घोष |
| 3 | सूरत, 1907 | (c) | सरोजिनी नायडू |
| 4 | कानपुर, 1925 | (d) | व्योमेश चंद्र बनर्जी |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए:

Ans A). 1-d, 2-a, 3-c, 4-b B). 1-d, 2-b, 3-a, 4-c C). 1-d, 2-c, 3-b, 4-a D). 1-d, 2-a, 3-b, 4-c

Correct Answer: D

Q.13 राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट 2021 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में गरीबी के नीचे सबसे कम आबादी है?

Ans A). तमिलनाडु B). सिक्किम C). पंजाब D). हिमाचल प्रदेश

Correct Answer: B

Q.14 बौद्धों द्वारा अपने भिक्षुओं और तपस्विनियों के अवशेषों को रखने के लिए आम तौर पर किस प्रकार की संरचनाओं का उपयोग किया जाता है?

Ans A). विहार B). स्तूप C). गर्भ गृह D). गृह

Correct Answer: B

Q.15 उस्ताद घग्घे खुदा बख्श (Ustad Ghagge Khuda Baksh) निम्नलिखित में से किस घराने से जुड़े थे?

Ans A). आगरा घराना B). बनारस घराना C). दिल्ली घराना D). ग्वालियर घराना

Correct Answer: A

**Q.16** पृथ्वी पर सभी जीवधारी (living organism) कार्बन यौगिकों से बने हैं। कई वर्ष पहले, मृत और अंतर्हित पादप (dead and buried plants) उच्च तापमान और उच्च दाब के कारण धीरे-धीरे कोयले में परिवर्तित होने लगे। इस प्रक्रिया को _____ कहा जाता है।

Ans A). काला सोना रचना (black gold formation) B). पीट रचना (peat formation) C). कंपोस्टन (composting) D). कार्बनीकरण (carbonization)

Correct Answer: D

**Q.17** भारत के योजना आयोग के अनुसार, 2004-05 में गरीबी रेखा से नीचे भारत की कुल जनसंख्या (लकड़ावाला गरीबी अनुमानों को शामिल करते हुए) का प्रतिशत कितना था?

Ans A). 38.86% B). 27.5% C). 44.48% D). 35.97%

Correct Answer: B

**Q.18** गीता चंद्रन को 2007 में पद्म श्री प्राप्त हुआ जो एक जानी-मानी ________ नृत्यांगना हैं।

Ans A). ओडिसी B). मोहिनीअट्टम C). सत्त्रिया D). भरतनाट्यम

Correct Answer: D

**Q.19** यह प्रेक्षित किया गया है कि एक बच्चे की हृदय गति 135 बार प्रति मिनट होती है। हृदय की विस्पंद आवृत्ति (beat frequency) ____ है।

Ans A). 2.25 Hz B). 1.12 Hz C). 8100 Hz D). 135 Hz

Correct Answer: A

**Q.20** पल्लवों का प्रथम सामंत (feudatory) कौन था?

Ans A). राजेंद्र (Rajendra) B). अशोक (Ashoka) C). विजयालय (Vijayalaya) D). हर्षवर्द्धन (Harshvardhan)

Correct Answer: C

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोच्च न्यायालय का एक महत्वपूर्ण कार्य नहीं है?

Ans A). यह भूमि अभिलेखों और राजस्व संग्रह का रखरखाव करता है

B). यह कार्यकारी अधिकारियों की जाँच करने और कानून के शासन को लागू करने का कार्य करता है C). यह मौलिक अधिकारों का रक्षक और गारंटर है

D). यह संघीय संतुलन बनाए रखता है

Correct Answer: A

**Q.22** मनोविनोद सेवाएँ (Recreation services) _________ का एक उदाहरण है।

Ans A). मध्यवर्ती वस्तुओं B). घटिया वस्तुओं C). पूँजीगत वस्तुओं D). उपभोक्ता वस्तुओं

Correct Answer: D

**Q.23** जनवरी 2023 में, भंडारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण (Warehouse Development Regulation Authority - WDRA) ने किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण दिलाने में सहायता करने के लिए भारत के ___________ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

Ans A). भारतीय स्टेट बैंक B). यूनियन बैंक ऑफ इंडिया C). केनरा बैंक D). बैंक ऑफ बड़ौदा

Correct Answer: A

**Q.24** निम्नलिखित में से किस दिन को मुस्लिम समुदाय में शोक का दिन माना जाता है?

Ans A). बारह वफ़ात B). बकरी ईद C). शब-ए-बारत D). मुहर्रम

Correct Answer: D

**Q.25** 1905 में बंगाल विभाजन की घोषणा के समय निम्नलिखित में से कौन भारत का वायसराय था?

Ans A). लॉर्ड डलहौजी B). लॉर्ड हेस्टिंग्स C). लॉर्ड कर्जन D). लॉर्ड कैनिंग

Correct Answer: C

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.

**Ritesh remarked, "Honesty is a great <u>virtue</u>."**

Ans A). Wickedness B). Probity C). Rectitude D). Integrity

Correct Answer: A

**Q.2** Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.

**A room in a hospital used especially for sunbathing or therapeutic exposure to light**

Ans A). Sanatorium B). Solarium C). Planetarium D). Podium

Correct Answer: B

**Q.3** Select the most appropriate option to fill in the blank and complete the expression.

**I begin to pronounce the sequence of words and numbers that will prevent her from giving him a piece of her ___________.**

Ans A). cake B). mind C). art D). music

Correct Answer: B

**Q.4** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**It's raining cats and dogs.**

**Ans** A). The rain is very light. B). It's raining very heavily. C). It's a perfect day for a picnic. D). There are cats and dogs in the rain.

Correct Answer: B

**Q.5** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Necessary B). Achieve C). Conscientous D). Committee

Correct Answer: C

**Q.6** **Identify the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Deliverence B). Banquet C). Alliteration D). Condescend

Correct Answer: A

**Q.7** **In the following sentence the underlined part contains as error. Alternatives to the underlined part are given as options. Select the correct alternative.**
**It is very <u>hottest</u> over here.**

**Ans** A). hotter B). more hot C). most hot D). hot

Correct Answer: D

**Q.8** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**Maria was unhappy / because she terribly performed / in the examination / conducted last month.**

**Ans** A). conducted last month B). Maria was unhappy C). in the examination D). because she terribly performed

Correct Answer: D

**Q.9** **Select the grammatically correct sentence.**

**Ans** A). It is obvious that a child needs love and attention of parents. B). It is the obvious that child needs love and attention of parents. C). It is an obvious that child needs love and attention of parents. D). It is a obvious that child needs love and attention of parents.

Correct Answer: A

**Q.10** **Select the most appropriate ANTONYM of the word in brackets to fill in the blank.**
**He spoke softly and ____________ (tensely), trying to diffuse the tense situation.**

**Ans** A). excitingly B). calmly C). furiously D). madly

Correct Answer: B

**Q.11** **Select the correctly spelt word to fill in the blank and make the sentence meaningful.**
**Anuradha travelled to Italy last summer and ____________________ the historic ruins of Rome.**

**Ans** A). explaured B). explord C). acsplored D). explored

Correct Answer: D

**Q.12** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**
**He is <u>reluctant</u> to do the work.**

**Ans** A). happy B). hesitant C). disposed D). eager

Correct Answer: B

**Q.13** **Select the most appropriate synonym of the given word.**

**Exemplary**

**Ans** A). Average B). Bad C). Excellent D). Ordinary

Correct Answer: C

**Q.14** **Correct the underlined part of the sentence.**

**The rabbit runs <u>fastly</u>.**

**Ans** A). as fast as B). fastest C). faster D). fast

Correct Answer: D

**Q.15** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**She was amazed by / the unique architecture of / the Sydney Opera House.**

**Ans** A). the unique architecture of B). She was amazed by C). the Sydney Opera House D). No error

Correct Answer: D

**Q.16** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**He told / his senior, "I / will sung a song / at the party tonight."**

**Ans** A). will sung a song B). at the party tonight." C). He told D). his senior, "I

Correct Answer: A

**Q.17** **Select the most appropriate meaning of the given word.**
**Improbable**

**Ans** A). Tenable B). Plausible C). Implausible D). Practical

**Correct Answer: C**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**There was no one left in the world whom they could call _______.**

**Ans** A). their's B). there's C). theirs D). their

**Correct Answer: C**

**Q.19** **In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in the blanks.**
**The touch-sensitive surface is one of the reasons why tablets and smart phones are so smart. All touchscreens generate an electric field _____________ the screen. Your finger interferes with the field, and the device's operating system _____________ your touch or swipe.**

**Ans** A). beyond; escorts B). past; attends C). onto; chases D). across; follows

**Correct Answer: D**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The students were captivated by the _________ story told by their teacher.**

**Ans** A). superfluous B). obsolete C). compelling D). mundane

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

As community-minded creatures who want (1) _______________ to belong, we often mirror others, including on social media, where we adopt phrasing, tone and expressions of emotion. In the past few years, social media has had a (2) _______________ on hyper positivity: think cheery emojis and (3) _______________ quotes plastered over sunsets. Some put this 'good vibes only' trend down to the pandemic and a (4) _______________ to avoid painful feelings when (5) _______________ on difficult realities. However, attempting to convey constant happiness is not only difficult but impossible.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). abiotically B). deeply C). laudatory D). crisply

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

As community-minded creatures who want (1) _______________ to belong, we often mirror others, including on social media, where we adopt phrasing, tone and expressions of emotion. In the past few years, social media has had a (2) _______________ on hyper positivity: think cheery emojis and (3) _______________ quotes plastered over sunsets. Some put this 'good vibes only' trend down to the pandemic and a (4) _______________ to avoid painful feelings when (5) _______________ on difficult realities. However, attempting to convey constant happiness is not only difficult but impossible.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). dispersion B). focus C). disregard D). blemish

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

As community-minded creatures who want (1) _______________ to belong, we often mirror others, including on social media, where we adopt phrasing, tone and expressions of emotion. In the past few years, social media has had a (2) _______________ on hyper positivity: think cheery emojis and (3) _______________ quotes plastered over sunsets. Some put this 'good vibes only' trend down to the pandemic and a (4) _______________ to avoid painful feelings when (5) _______________ on difficult realities. However, attempting to convey constant happiness is not only difficult but impossible.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). reticent B). deterring C). motivational D). inobtrusive

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

As community-minded creatures who want (1) _______ to belong, we often mirror others, including on social media, where we adopt phrasing, tone and expressions of emotion. In the past few years, social media has had a (2) _______ on hyper positivity: think cheery emojis and (3) _______ quotes plastered over sunsets. Some put this 'good vibes only' trend down to the pandemic and a (4) _______ to avoid painful feelings when (5) _______ on difficult realities. However, attempting to convey constant happiness is not only difficult but impossible.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). indolence B). desire C). listlessness D). apathy

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

As community-minded creatures who want (1) _______ to belong, we often mirror others, including on social media, where we adopt phrasing, tone and expressions of emotion. In the past few years, social media has had a (2) _______ on hyper positivity: think cheery emojis and (3) _______ quotes plastered over sunsets. Some put this 'good vibes only' trend down to the pandemic and a (4) _______ to avoid painful feelings when (5) _______ on difficult realities. However, attempting to convey constant happiness is not only difficult but impossible.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). laminating B). stagnating C). collaborating D). ruminating

**Correct Answer: D**